# पार नज़र के

Question 1.
छोटू की कॉलोनी की सुरक्षा की जिम्मेदारी किस पर थी ?
(a) नंबर एक पर
(b) नंबर दो पर
(c) नंबर तीन पर
(d) नंवर चार पर ।

▼ Answer

Answer: (a) नंबर एक पर

---

Question 2.
यांत्रिक हाथ ज़मीन से क्या उठा लेना चाहता था ?
(a) एक यंत्र
(b) नीचे रखा इंजन
(c) पत्थर
(d) ज़मीन से मिट्टी

▼ Answer

Answer: (d) ज़मीन से मिट्टी

---

Question 3.
छोटू के सुरंग में प्रवेश करते ही निरीक्षक यंत्र में कैसी स्थिति दर्शाने वाली हरकत हुई ?
(a) संदेहास्पद
(b) आश्चर्यजनक
(c) डरावनी
(d) ध्वनि पैदा करने वाली

▼ Answer

Answer: (a) संदेहास्पद

---

Question 4.
छोटू के पिता अपने काम करने की जगह पर कैसे जाते हैं ?
(a) मोटर से
(b) पैदल
(c) स्पेस-सूट पहनकर
(d) उड़कर

▼ Answer

Answer: (c) स्पेस-सूट पहनकर

---

Question 5.
छोटू के पिता को ऑक्सीजन कहाँ से मिलती
(a) पेड़ पौधे से
(b) जल से
(c) स्पेस-सूट से
(d) गैस सिलेण्डर से

▼ Answer

Answer: (c) स्पेस-सूट से

---

Question 6.
'पार नज़र के' पाठ के लेखक कौन हैं ?
(a) गुणाकर मुले
(b) जयंत विष्णु नार्लीकर
(c) हेलेन केलर
(d) एलेक्स एम. जार्ज

▼ Answer

Answer: (b) जयंत विष्णु नार्लीकर

---

Question 7.
छोटू का परिवार कहाँ रहता था ?
(a) पर्वत पर
(b) समुद्र में
(c) आकाश में
(d) ज़मीन के नीचे कॉलोनी में

▼ Answer

Answer: (d) ज़मीन के नीचे कॉलोनी में

---

Question 8.
कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने क्या देखा ?
(a) कॉन्सोल
(b) पैराशूट
(c) एक गाड़ी
(d) मोबाइल जैसा यंत्र

▼ Answer

Answer: (a) कॉन्सोल

---

Question 9.
कंट्रोल रूम में छोटू ने क्या हरकत की ?
(a) वह डांस करने लगा
(b) वह लाल बटन दबाने के लिए मचलने लगा

(c) वह चाकलेट माँगने लगा
(d) उसने मोटर स्टार्ट कर दी

▼ Answer

Answer: (b) वह लाल बटन दबाने के लिए मचलने लगा

---

Question 10.
अंतरिक्ष यान का क्या नाम था ?
(a) प्लूटो
(b) कोलंबिया
(c) वाइकिंग
(d) रोहिणी

▼ Answer

Answer: (c) वाइकिंग

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

वैसे तो उनकी पूरी कालोनी ही ज़मीन के नीचे बसी थी। यह जो सुरंगनुमा रास्ता था-अंदर दीये जल रहे थे और प्रवेश करने से पहले एक बंद दरवाज़े का सामना करना पड़ता था। दरवाज़े में एक खाँचा बना हुआ था। छोटू ने खाँचे में कार्ड डाला, तुरंत दरवाज़ा खुल गया। छोटू ने सुरंग में प्रवेश किया। अंदर वाले खाँचे में सिक्योरिटी-पास आ पहुंचा था। उसे उठा लिया, कार्ड उठाते ही दरवाज़ा बंद हुआ। छोटू ने चारों तरफ नज़र दौड़ाई । सुरंगनुमा वह रास्ता ऊपर की तरफ जाता था... यानी ज़मीन के ऊपर का सफ़र कर आने का मौका मिल गया था।
मगर कहाँ? मौका हाथ लगते ही फिसल गया! सुरंग में जगह-जगह लगाए निरीक्षक यंत्रों की जानकारी छोटू को नहीं थी। मगर छोटू के प्रवेश करते ही पहले निरीक्षक यंत्र में संदेहास्पद स्थिति दर्शाने वाली हरकत हई, इतने छोटे कद का व्यक्ति सुरंग में कैसे आया? दूसरे
निरीक्षक यंत्र ने तुरंत छोटू की तसवीर खींच ली। किसी एक नियंत्रण केंद्र में इस तसवीर की जाँच की गई और खतरे की सूचना दी गई।

Question 1.
छोटू की कालोनी कहाँ बसी हुई थी ?
(a) जंगल में
(b) ज़मीन के अंदर
(c) सुरंग में
(d) ज़मीन के ऊपर

▼ Answer

Answer: (b) ज़मीन के अंदर।

---

Question 2.
सुरंग में प्रकाश की क्या व्यवस्था थी ?
(a) बिजली के बल्ब जले हुए थे
(b) सुरंग में झरोखों के द्वारा रोशनी आती थी

(c) सुरंग में दीये जल रहे थे
(d) सुरंग में अँधेरा था

▼ Answer

Answer: (c) सुरंग में दीये जल रहे थे।

---

Question 3.
छोटू ने सुरंग में प्रवेश कैसे किया ?
(a) छिपकर
(b) अपने पिता के साथ
(c) वह प्रवेश नहीं कर
(d) खाँचे में कार्ड डालकर पाया

▼ Answer

Answer: (d) खाँचे में कार्ड डालकर पाया
खाँचे में कार्ड डालकर

---

Question 4.
छोटू के सुरंग में प्रवेश का किसे पता चल गया ?
(a) निरीक्षक यंत्र को
(b) छोटू के पिता को
(c) सुरक्षा गार्ड को
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (a) निरीक्षक यंत्र को।

---

Question 5.
निरीक्षक यंत्र ने क्या किया ?
(a) छोटू को पकड़ लिया
(b) छोटू की तसवीर खींच ली
(c) छोटू को छोड़ दिया
(d) छोटू को अंदर जाने दिया

▼ Answer

Answer: (b) छोटू की तसवीर खींच ली।

---

(2)

एक समय था, जब अपने मंगल ग्रह पर सभी लोग ज़मीन के ऊपर ही रहते थे। बगैर किसी तरह के यंत्रों की मदद के, बगैर किसी खास किस्म की पोशाक के, हमारे पुरखे ज़मीन के ऊपर रहा करते थे लेकिन धीरे-धीरे वातावरण में परिवर्तन आने लगा। कई तरह के जीव धरती पर रहा करते थे, एक के बाद एक सब मरने लगे। इस परिवर्तन की जड़ में था-सूरज में हुआ परिवर्तन। सूरज से हमें रोशनी मिलती है, ऊष्णता मिलती है। इन्हीं तत्त्वों से जीवों का पोपण होता है। सूरज में

परिवर्तन होते ही यहाँ का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया। प्रकृति के बदले हुए रूप का सामना करने में यहाँ के पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, अन्य जीव अक्षम साबित हुए। केवल हमारे पूर्वजों ने इस स्थिति का सामना किया |

Question 1.
यहाँ किस की बात हो रही है ?
(a) पृथ्वी की
(b) चाँद की
(c) मंगल की
(d) शुक्र की

▼ Answer

Answer: (c) मंगल की।

---

Question 2.
मंगल ग्रह पर लोग पहले किस प्रकार रहते थे ?
(a) जमीन के ऊपर
(b) बिना यंत्रों की मदद के
(c) खास किस्म की पोशाक के बिना
(d) सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 3.
एक-एक कर जीव क्यों मरने लगे ?
(a) लोगों ने उन्हें मार दिया
(b) वे आपस में लड़कर मर गए
(c) बड़े जानवर ने छोटे को खा लिया
(d) वातावरण में परिवर्तन के कारण

▼ Answer

Answer: (d) वातावरण में परिवर्तन के कारण।

---

Question 4.
किसके परिवर्तन के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया ?
(a) चन्द्रमा के
(b) सूर्य के
(c) मंगल के
(d) बृहस्पति के

▼ Answer

Answer: (b) सूर्य के।

---

Question 5.
सूरज के परिवर्तन का सामना किसने किया ?
(a) पशुओं ने
(b) पक्षियों ने
(c) जलचरों ने
(d) मनुष्यों ने

▼ Answer

Answer: (d) मनुष्यों ने।

---

(3)

"अपने तकनीकी ज्ञान के आधार पर हमने ज़मीन के नीचे अपना घर बना लिया। ज़मीन के ऊपर लगे विभिन्न यंत्रों के सहारे हम सूर्य-शक्ति, सूरज की रोशनी और गर्मी का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। उन्हीं यंत्रों के सहारे हम यहाँ ज़मीन के नीचे जी रहे हैं। यंत्र सुचारु रूप से चलते रहें, इसके लिए बड़ी सतर्कता बरतनी पड़ती है। मुझ जैसे कुछ चुनिंदा लोग इन्हीं यंत्रों का ध्यान रखते हैं।"
"बड़ा हो जाऊँगा तो मैं भी यही काम करूँगा।" छोटू ने अपनी मंशा जाहिर की।
"बिलकुल! मगर उसके लिए खूब पढ़ना होगा। माँ और पापा की बात सुननी होगी!"
माँ ने कहा।
दूसरे दिन छोटू के पापा काम पर चले गए। देखा तो कंट्रोल रूम का वातावरण बदला-बदला सा था। शिफ्ट खत्म कर घर जा रहे स्टाफ के प्रमुख ने टी.वी. स्क्रीन की तरफ़ इशारा किया। स्क्रीन पर एक बिंदु झलक रहा था। वह बताने लगा, "यह कोई आसमान का तारा नहीं है, क्योंकि कंप्यूटर से पता चल रहा है कि यह अपनी जगह अडिग नहीं रहा है। पिछले कुछ घंटों के दौरान इसने अपनी जगह बदली है। कंप्यूटर के अनुसार यह हमारी धरती की तरफ बढ़ता चला आ रहा है।"

Question 1.
मनुष्य ने किस आधार पर जमीन के नीचे घर बनाया ?
(a) साहित्य ज्ञान
(b) व्यावहारिक ज्ञान
(c) तकनीकी ज्ञान
(d) यथार्थ ज्ञान

▼ Answer

Answer: (c) तकनीकी ज्ञान।

---

Question 2.
मनुष्य किसकी शक्ति का, प्रयोग करना सीख गया ?
(a) सूरज की
(b) मंगल ग्रह की
(c) पृथ्वी की
(d) मशीनों की

▼ Answer

Answer: (a) सूरज की।

---

Question 3.
सतर्कता क्यों बरतनी पड़ती है ?
(a) ताकि यंत्र सुचारू रूप से चलते रहें
(b) ताकि दूसरी दुनिया के जीव यहाँ न आ सकें
(c) ताकि मंगल ग्रह दुष्प्रभाव न छोड़ सके
(d) ताकि मशीन कार्य करती रहे

▼ Answer

Answer: (a) ताकि यंत्र सुचारू रूप से चलते रहें।

---

Question 4.
टी.वी. स्क्रीन पर क्या झलक रहा था ?
(a) एक पर्वत का चित्र
(b) एक बिन्दु
(c) एक पक्षी की छाया
(d) अंधड़ आने का संकेत

▼ Answer

Answer: (b) एक बिन्दु।

---

Question 5.
बिन्दु की स्थिति देखकर क्या लगता था ?
(a) कि वह अपनी जगह स्थिर है
(b) कि वह धरती से दूर जा रहा है
(c) कि वह धरती की ओर बढ़ रहा है
(d) कि वह प्रकाश पुंज है

▼ Answer

Answer: (c) कि वह धरती की ओर बढ़ रहा है।

---